तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 28 जनवरी 2024

12 संविधान से मिला समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता ..


14 इंडस पब्लिक स्कूल में चौधरी मित्रसेन आर्य की ...





# सबका साथ सबका विकास
# मोदी है तो गारन्टी है।

जय श्री राम

जो राम का नहीं हमारे काम का नहीं
जो राष्ट्र प्रेम से भटक गया
परिवारवाद में अटक गया
भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लटक गया।
अब वो भारतीयों की आंखों में खटक गया।

दिनांक : 28.01.24 (रविवार)
समय : सुबह 11 बजे (स्वागत समारोह, जलपान)
जनसभा स्थल : पुरानी ITI मैदान, रोहतक

## राकेश वर्मा
@RakeshVerma1008

"मुख्य अतिथि नायब सैनी (सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष) होंगे
आप सभी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर जनसभा की शोभा बढ़ाएं, धन्यवाद"

# समस्या रोग नहीं है अंग्रेजी दवा है, इसे बदलिए
# आयुर्वेद व पंचकर्म चुनिए

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक
विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य ''वैद्य सत्यप्रकाश आर्य''

- आप खांसी या निमोनिया के लिए गए दमा बना दिया
- आप दर्द को दूर करने के लिए गए - बी.पी., गठिया, रोगों से लड़ने की ताकत समाप्त हो गई। दवाओं ने काम करना बंद कर दिया।
- आप गैस कब्ज को दूर करने के लिए गए थे हर्नियां, Hiatus Hernia, इनगुआइनल, अम्बाइलिकल हार्निया, माइग्रेन के रोगी बन गए।
- अनिन्द्रा व डिप्रेशन को दूर करने के लिए गए - नपुंसकता, अशक्तता, घबराहट, बैचेनी के रोगी बन गए।
- मोटापा दूर करने के लिए गए - डिप्रेशन व झाईयों से ग्रस्त हो गए

आपके रोगों का कारण दूर न होने की बजाय आप इनके एंटी बैक्टिरियल व एंटी वायरस के शिकार बनते चले गए परिणामस्वरूप अनेकों रोगों के घर बन गए।

**पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपके सभी रोगों का स्थाई समाधान होता है।**

शुगर / पीलिया | कब्ज/ बी.पी. | माइग्रेन / सर्वाइकल | ऐसीडीटी/ डिप्रेशन | टाइफाइड/ नंपुसकता

सदा दवाओं का प्रयोग करना या औषधि का काम न करना मुख्य कारण है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity Power) का खत्म हो जाना इसलिए रोजाना घटनाएं घटित हो रही हैं अचानक Heart Failure या Kidney Failure, Liver Cirosis Hepatitis B-C, Cancer



जब पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधि, अनुभवी वैद्य नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान में आपके पास उपलब्ध है। जन्म के पश्चात होने वाले प्रत्येक रोग ठीक हो जाता है। इस चरक के सिद्धांत को नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान ने सिद्ध किया है। जिसका देश-विदेश से हजारों-लाखों लोग फायदा उठाकर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

आप भी जीवन का आनन्द प्राप्त करिए, आप भी स्वस्थ व दीर्घायु बनिए

आप देश भर में कहीं से भी घर बैठे कोरियर द्वारा दवा मंगवा सकते हैं।

नाड़ी दिखाने के लिए आप रोजाना आ सकते हैं रोहतक (हरियाणा) नांगलोई (दिल्ली)

**डॉक्टर**
### एलोपैथी चिकित्सा
जांच : एलोपैथी डॉक्टर पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर जो उन्होंने रिसर्च किया है। उसी को आधार बनाकर बैक्टिरिया व रोग को जानता है।

पीलिया : इस पद्यति में टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर केवल **Bilirubin Test** के आधार पर पीलिए को निश्चित करता है।

टायफाइड : एलोपैथिक केवल **Vidal** (+) होने पर ही टायफायइड मानता है। कई बार देखा गया है (**Vidral**+) होने पर भी आयुर्वेदिक लक्षण को नहीं बताता।

शुगर : एलोपैथी में शुगर केवल **Type-1, Type-II**, होती है, जो केवल **Insulin** पर आधारित है जो लक्षणों से रहित है।

**नाड़ी वैद्य**
### आयुर्वेदिक चिकित्सा
नाड़ी वैद्य नाड़ी देखकर रोग, दोष व दुष्य को जानता है। दर्शन, स्पर्शन व प्रश्न के द्वारा रोग को सुनिश्चित करता है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य पिछले 40 वर्षो से आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा नाड़ी देखकर असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं. इसलिए घबराएं नहीं रोगों को जड़ से समाप्त करवाने के लिए नाड़ी वैद्य कायाकल्प पर आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाएं। वैद्य जी नाड़ी देखकर रोग का कारण जानते हैं, फिर दवा पंचकर्म और परहेज से इसे समूल नष्ट करते हैं।

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

**रोहतक**
हुड्डा सेक्टर-1 की दूसरी पुलिया के सामने, नजदीक दिल्ली बाईपास, रोहतक (हरियाणा)
नाड़ी देखने का समय : सुबह 7 से 11:30 बजे तक
पंचकर्म : सुबह 7 से सायं 5 बजे तक

**दिल्ली**
नजदीक नारायण धर्मकांटा, सोम बाजार-बुध बाजार रोड, नांगलोई नजफगढ़ रोड महाराजा अजमिढ़ भवन, नांगलोई (दिल्ली)
नाड़ी देखने का समय : दोपहर 1 से सायं 5:00 बजे तक
(बुधवार को अवकाश रहेगा)

आप हमारे YouTube चैनल NADI VAIDYA KALAKALP पर जाकर देखिए आयुर्वेद द्वारा सभी रोगों का घरेलू उपचार

आयुर्वेद में नये व पुराने रोगों का घरेलू इलाज जानने के लिए स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299 Follow us : For more details : visit our website : www.nadivaidyakayakalp.in

## गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों व संविधान सभा के सदस्यों को किया नमन

# संविधान से मिला समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार : जेपी दलाल

■ मदवि में राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि 74 वर्ष पहले सन 1950 में देश का संविधान लागू हुआ। संविधान से हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं संविधान सभा के सदस्यों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि महापुरुषों के अमर बलिदानों से हम गणतंत्र हो पाए हैं। ये बात उन्होंने राजीव गांधी खेल परिसर में गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कही। जेपी दलाल ने कहा कि गणतंत्र ने देशवासियों को सामाजिक समरसता एवं जन प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है। वर्तमान में भारत वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है। उन्होंने 22 जनवरी 2024 का जिक्र करते हुए कहा कि इस दिन का सूरज देश में एक अद्भुत आभा लेकर आया है। सदियों की प्रतीक्षा और धैर्य, असंख्य बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर स्थापित हुआ है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया। खुली जीप में सवार होकर परेड में शामिल टुकड़ियों का निरीक्षण किया। परेड कमांडर डीएसपी संदीप कुमार के नेतृत्व में 9 टुकड़ियों ने मंच के सामने से गुजरते हुए भव्य मार्च पास्ट निकाला, जेपी दलाल ने सलामी ली।





रोहतक। मदवि में राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल, व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पहुंचकर वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला सैनिक बोर्ड की विंग कमांडर गौरिका सुहाग ने भी शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसक अलावा रणजीत सिंह देशवाल, नरेश कुमार, जगबीर अहलावत, कर्नल आरएस सुहाग व कष्ण चंद्र, बलवान सिंह, जगबीर मलिक, राजीत खोखर, जसवंत सिंह कुंडू, कवंत सिह, सुधाराम लाकड़ा, नरेश शर्मा, नरेंद्र सिंह, कैप्टन सुखबीर अहलावत, सुरेश कुमार एवं बीके सिंह, सुबेदार समुंद्र सिंह, शीलक राम लठवाल, रिसलदार मेजर राज सिंह, धर्मबीर खटकड़ व आरपी शर्मा ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### नौजवानों ने शहादत देकर देश की सीमाओं की रक्षा की

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत वर्ष की प्रगति के सफर में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा के नौजवान सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना अपनी शान समझते हैं। अनेक नौजवानों ने शहादत देकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। अब तक शहीदों के 367 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में अपने बच्चे पढ़ाने के गरीबों के सपने को साकार किया जा रहा है।

### एक लाख दस हजार को दी नौकरी

उन्होंने कहा कौशल रोजगार निगम के तहत गरीब परिवारों के युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता भी दी जा रही है। सरकार द्वारा मेरिट के आधार पर एक लाख 10 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई है। खेलों के क्षेत्र में प्रदेश व देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरुस्कार के साथ-साथ नौकरियां दी जा रही हैं। महिलाओं की उच्चतर शिक्षा के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में सरकारी कॉलेज स्थापित किया गया है। सरकार द्वारा अब तक 76 नए कॉलेज खोले गए हैं।

### परेड में गृह रक्षी टुकड़ी प्रथम

परेड के सीनियर वर्ग में गृह रक्षी टुकड़ी प्रथम, महिला पुलिस द्वितीय व पुरुष पुलिस टुकड़ी तीसरे स्थान पर रही। वहीं जूनियर वर्ग में एनसीसी ब्वॉयज प्रथम, एनसीसी गर्ल्ज द्वितीय तथा स्वच्छता के सिपाही तीसरे स्थान पर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भैयापुर लाढ़ौत स्थित गुरुकुल विश्व भारती प्रथम, विद्याश्री विद्यालय द्वितीय तथा संसार वैली स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने इन टीमों को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार, उपायुक्त की पत्नी लवलीन कौर, उपमंडलाधीश विवेक आर्य, एसीयूटी अंजली श्रोत्रीय (आईएएस), एसपी हिमांशु गर्ग, उनकी पत्नी शिल्पा अग्रवाल, अएएसपी मेधा भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश कुमार सैनी, नगराधीश मुकुंद तंवर, पीजीआईएमएस की संयुक्त निदेशक मोनिका, मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, एडवोकेट अनीता बुधवार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, तहसीलदार डॉ. मनोज अहलावत आदि मौजूद रहे।

### मलखंब एवं योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया

20 विद्यालयों के 1500 विद्यार्थियों ने सामूहिक शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया। भैयापुर लाढौत स्थित गुरुकुल विश्वभारती के विद्यार्थियों ने मलखंब एवं योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 8 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, वीरों का वंदन, हरियाणा का गुणगान आदि विषयों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। समारोह में प्रदेश की उन्नति को प्रदर्शित करती हुई 10 झांकियां निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।

## इंडस स्कूल में गणतंत्र दिवस व विदाई समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने ध्वजारोहण किया। सभी अध्यापकों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विद्यार्थियों की सफलता के लिए यज्ञ किया गया। सुखबीर दहिया (आर्य समाजी) ने विद्यार्थियों को हवन का अर्थ, महत्व व विधिविधान से अवगत करवाया तथा सभी दिशाओं के गुण-दोष के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सीखा गया अनुशासन जीवन पर्यन्त मानव को अनुशासित रखता है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन छात्रा अर्पिता, आस्था, प्रतिमा व निकिता ने किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने सीनियर्स को उपहार व टाइटल्स दिए। विद्यार्थियों ने अनेक हास्यपूर्ण, मनोरंजक गेम्स खेले। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इस दौरान मास्टर इंडस व मिस इंडस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें दक्ष को मास्टर इंडस व नुपूर को मिस इंडस के खिताब से नवाजा गया। वहीं सार्थक ने मास्टर वैल ड्रैस व अन्नु ने मिस वैल ड्रैस, अंकुर मास्टर वैल पर्सनैल्टी व मानवी सिंधु ने मिस वैल पर्सनैल्टी का खिताब जीता। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि आप सभी अपनी मेहनत व लगन से सफलता की नई ऊंचाईयों को स्पर्श कर व अपने माता-पिता व अध्यापकों का नाम रोशन करेंगे।

## दीपेंद्र हुड्डा ने महम में निकाली गौरव यात्रा

■ पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी और कांग्रेस नेता बलराम दांगी ने भी चबूतरे पर टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने गणतंत्र दिवस के मौके पर महम में गौरव यात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी व बलराम दांगी ने संयुक्त रूप से की। दीपेंद्र हुड्डा समारोह यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। गौरव यात्रा की शुरूआत दीपेंद्र हुड्डा, आनंद सिंह दांगी और बलराम दांगी ने चबूतरे पर दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस दौरान शहीदों और उनके द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। हलका महम के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। बैंडबाजे के साथ शहर में गौरव यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर के गुरुद्वारे और मंदिरों में मत्था टेका। बाजारों में दुकानदारों के साथ मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। यात्रा का समापन कांग्रेस कार्यालय में किया गया। यहां पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ध्वजारोहण किया।



महम। चौबीसी चबूतरे पर दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को नमन करते राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, कांग्रेस नेता बलराम दांगी व अन्य।

### एमडीएन में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



रोहतक। एमडीएन विद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे झंडे को सलामी दी। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। मंच का संचालन 9वीं कक्षा के छात्र शुभम और मानसी ने किया। छात्रों ने देशभक्ति के गीत ए मेरे वतन के लोगों की शानदार प्रस्तुति दी। छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी।



### श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू प्रबंध समिति के प्रधान श्री सुदर्शन कुमार धींगड़ा जी ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट राजेश गहलावत एवम ड्रिल इंस्ट्रक्टर मोहित जी के नेतृत्व में महाविद्यालय के एनसीसी (कैडेटस)के द्वारा विधिवत रूप से तिरंगे को सलामी दी गई साथ ही कैडेट्स के द्वारा एनसीसी परेड कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मंच संचालन कर रहे डॉ. प्रवीण शर्मा जी ने भारत पर्व की रूपरेखा साझा करते हुए वास्तविक शब्दों में गणतंत्र का अर्थ बताया। हिंदू महाविद्यालय एवं एच आई एम टी के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के द्वारा सभी दर्शकों में देश के प्रति उत्साह भर दिया। इसी श्रृंखला में हिंदू पब्लिक स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने समूह नृत्य ' हर घर लहराए तिरंगा' प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोर समा बांध दिया।

## राष्ट्र की अखंडता व एकता सर्वोपरि रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में णतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव और वाइस चांसलर प्रो. आरएस यादव रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी दी। डॉ. अंजना राव ने कहा कि हमें अपने निजी स्वार्थ को त्याग कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सर्वोपरि रखना चाहिए, यही वास्तविक देशभक्ति है। उन्होंने कहा कि जिन वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने देश की आन, बान और शान के लिए शहादत देकर भारत की स्वतंत्रता में अपना अहम योगदान दिया वे युगों-युगों तक अमर रहेंगे। प्रो. आरएस यादव ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों बारे में भी ध्यान रखना चाहिए। विद्यार्थी अपने समय का सही उपयोग कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने निर्धारित उद्देश्य को प्राप्त करें, जिससे स्वयं की और राष्ट्र की उन्नति हो सके क्योंकि शिक्षा ही मानव को सही दिशा प्रदान कर सही मार्ग दिखाती है। प्रो चांसलर और वाइस चांसलर ने ध्वजारोहण के बाद बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला एनसीसी बटालियन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल डूडी और डॉ. सोनम बिसला की अगुवाई में तैयार मार्च पास्ट की सलामी ली।

इंपेक्ट फिचर

### 75वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के अवसर पर, रोहतक के सेक्टर-36ए स्थित सनसिटी हाइट्स में पीएनजी-घरेलू जागरूकता अभियान शुरू किया गया।

बीपीसीएल ने पीएनजी-डी कनेक्शन के पंजीकरण के लिए 4 नई आकर्षक योजनाएं शुरू की हैं, जिसमें ग्राहक मौजूदा 3 योजनाओं के साथ अब पीएनजी-डी कनेक्शन के लिए आवेदन करने के लिए कई विकल्प प्राप्त कर सकते हैं।




75वें गणतंत्र दिवस पर, बीपीसीएल ने एक ही दिन में रोहतक शहर के 100 घरों में एक साथ गैस आपूर्ति शुरू की है, साथ ही सनसिटी हाइट्स, सेक्टर-36ए में लास्ट माइल कनेक्टिविटी कार्य भी शुरू किया है, जहां लगभग 900 घर जल्द ही सुरक्षित और सुविधाजनक पीएनजी का लाभ उठा सकेंगे। बीपीसीएल व्यापक कवरेज के लिए पूरे शहर में कई पंजीकरण शिविर स्थापित करेगा और 26 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक पीएनजी के लाभों और इसके उपयोग से संबंधित घर-घर अभियान भी चलाएगा।

पीएनजी के लाभः 1.निर्बाध आपूर्तिः पीएनजी को घर में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन और साल में 365 दिन लगातार पहुंचाया जा सकता है। 2.सुरक्षाः पीएनजी एक बहुत ही सुरक्षित विकल्प है। यह एलपीजी से अधिक सुरक्षित है। 3.गैस बुकिंगः एक बार उपभोक्ता को गैस कनेक्शन मिल जाता है, वह गैस बुकिंग और सिलेंडर की प्रतीक्षा करने की मासिक परेशानी से मुक्त हो जाता है। 4.भरोसेमंदः जिस तरह हमारी बिजली मीटर से मापी जाती है, उसी तरह पीएनजी भी मीटर से मापी जाती है। 5.जगहः एलपीजी सिलेंडर रसोई में जगह घेरते हैं। जबकि पीएनजी की बात करें तो यह भंडारण स्थान नहीं घेरता। 6.भुगतानः पीएनजी उपभोक्ता वह भुगतान करता है जो वह उपभोग करता है। 7.किफायतीः एलपीजी की तुलना में कीमत के मामले में सभी पीएनजी घरेलू उपभोक्ता लाभकारी स्थिति में हैं।

आज तक, बीपीसीएल ने 300 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण किया है और 5700 से अधिक घरेलू घरों, 25 से अधिक औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को गैस आपूर्ति शुरू कर दी है और रोहतक जिले में 15 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से सीएनजी की आपूर्ति कर रहा है।बीपीसीएल की ओर से, श्री गोराव (प्रमुख गैस - उत्तर), श्री श्रीपद मंडके (डीजीएम मार्केटिंग गैस - उत्तर), श्री विपुल अरोड़ा (सहायक प्रबंधक बिक्री गैस - हरियाणा 2), श्री हिमेश्वर शर्मा (सहायक प्रबंधक इंजीनियरिंग गैस - हरियाणा 2) और श्री यश चौधरी (प्रबंधन प्रशिक्षु गैस) उपस्थित थे। वर्तमान दुनिया प्रदूषण से उत्पन्न होने वाली पर्यावरण समस्याओं से जूझ रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर सरकारों को कड़े पर्यावरणीय मानदंड लागू करने का दबाव है। इस स्थिति के जवाब में, देश पारंपरिक ईंधनों को पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों से बदलने की सक्रिय रूप से मांग कर रहे हैं। 21वीं सदी के ईंधन के रूप में सराही जाने वाली गैस एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में उभरती है।भारत में ईंधन परिवर्तन का नेतृत्व करने वाले शीर्ष तीन सीजीडी कंपनियों में से एक बीपीसीएल है। वर्तमान में, बीपीसीएल पूरे भारत में 25 शहरों में गैस वितरण कर रही है। पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत, कंपनी सीजीडी नेटवर्क बिछाती है, बनाती है, संचालित करती है और उनका विस्तार करती है, जो चार प्राथमिक क्षेत्रों को जोड़ती हैः सीएनजी, घरेलू-पीएनजी, वाणिज्यिक-पीएनजी और औद्योगिक-पीएनजी।

सीएनजी परिवहन क्षेत्र के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस के रूप में कार्य करता है, जबकि पाइप्ड प्राकृतिक गैस का उपयोग शेष तीन क्षेत्रों में खाना पकाने, गर्म करने और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता है।1998 में सीजीडी क्षेत्र में प्रवेश करते हुए, बीपीसीएल ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के प्रमोटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी वर्तमान में छह सीजीडी संयुक्त उद्यम कंपनियों को सह-प्रवर्तित करती हैः

I) गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) के साथ सबरमती गैस लिमिटेड (एसजीएल), II) गेल इंडिया लिमिटेड (GAIL) के साथ महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड (एमएनजीएल), III) गेल इंडिया लिमिटेड (GAIL) के साथ सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल), IV) गेल इंडिया लिमिटेड (GAIL) के साथ हरिद्वार प्राकृतिक गैस लिमिटेड (एचएनजीपीएल), V) गेल इंडिया लिमिटेड (GAIL) के साथ गोवा प्राकृतिक गैस प्राइवेट लिमिटेड (जीएनजीपीएल)।

बीपीसीएल, इन संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ, 50 भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करती है, जो कुल आबादी के 19% तक पहुंचती है।बीपीसीएल घरेलू उपयोग में पीएनजी के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 26 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने के लिए पीएनजीआरबी और अन्य तेल पीएसयू/सीजीडी संस्थाओं के साथ शामिल हो रही है। पीएनजी अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देना और घरेलू घरों को जोड़ने का प्रसार बढ़ाना है। दो महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य फोकस हैः1. हमारे चार्ज किए गए क्षेत्र के भीतर ग्राहकों को गैस प्रदान करना। 2. उन घरों को जोड़ना जहां हमारे भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में एमडीपीई और स्टील पाइपलाइनें बिछाई गई हैं, बुनियादी ढांचे (एलएमसी) को बढ़ाते हुए। 3. उन क्षेत्रों में पंजीकरण बढ़ाना जहां एमडीपीई पाइपलाइन बुनियादी ढांचा निर्माणाधीन है, जिससे अगले वर्ष के भीतर भविष्य में डी-पीएनजी कनेक्शन सक्षम होंगे।

### सैनिकों का सम्मान करना चाहिए : राजेश जैन



रोहतक। दिल्ली रोड स्थित बाबा चमन ऋषि मंदिर स्टेडियम में 75वां गणतंत्र महोत्सव गांव वासियों द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने कि एलपीएस बोसार्ड के एमडी समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, सरपंच दीपक मलिक एवं ग्राम वासियों ने ध्वाजारोण किया, राष्ट्रीय गीत गाया और सलामी दी।



रोहतक। दा आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की छात्रा तेजस्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता पिता नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इस मौके पर देश भक्ति से ओत-प्रोत कविता पाठ, भाषण व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तनु द्वारा सैनिक की आत्मकथा कविता की प्रस्तुति ने प्रांगण में उपस्थित सब की आंखें नम कर दी।

### एसजेके कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



रोहतक। सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर के इतिहास व राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय गणतंत्र का महत्व था। इस प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. ममता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीती, द्वितीय स्थान अंकिता व तृतीय स्थान मनीषा ने प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीतुलाल के कुशल दिशा-निर्देशन में किया गया। राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा डॉ. ममता रानी ने भारतीय संविधान की आत्मा-प्रस्तावना पर अपना विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. ममता रानी ने अपने वक्तव्य में संविधान के आदशर व मूल्यों को परिलक्षित करने वाली प्रस्तावना पर अपने विचार व्यक्त किए।

### आयकर भवन में किया ध्वजारोहण



रोहतक। आयकर भवन में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स वेद प्रकाश रोहतक रेंज द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। वेद प्रकाश ने कहा कि पूरे विश्व में हमारा लोकतंत्र सबसे महान है। हमें राष्ट्र को विकसित करने में अपना पूरा योगदान देना होगा तभी हम अपने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देख सकते हैं। भारत जिस तरह से विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है जल्द ही हम अपने विकसित राष्ट्र के मुकाम को छू लेंगे।

### दिव्यांग बच्चों ने मनाया गणतंत्र दिवस

रोहतक। भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान कलानौर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिव्यांग बच्चों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत की गई विभिन्न गतिविधियों ने गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाया। इस सुनहरे अवसर पर ललित के पुत्र भव्यांश का जन्मदिन मनाया गया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में ललित बत्रा और उनकी पत्नी पायल ने सभी बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री भेंट की।





### ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी

रोहतक। रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यातिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने ध्वजारोहण किया व तिरंगे को सलाम दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने की। ग्रोवर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति धर्म सम्प्रदाय से ऊपर उठकर एक नई पहचान बनाने का कार्य किया है। पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का शॉल भेंट कर सम्मानित किया। हरीश कौशिक ने बैंक की गत वित्त वर्ष की उपलब्धियों से अवगत करवाया और साल 2022-23 के रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी दी।

### जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा ने मोखरा गांव में फहराया तिरंगा



महम। 75 वें गणतंत्र दिवस पर जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने अपने गांव मोखरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और गवरमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने वीर शहीदों को याद किया और शहीदों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा बलिदान बताया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बेसमेंट के अंदर।



सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक



मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

13 राष्ट्र की अखंडता व एकता सर्वोपरि रखें


14 घने कोहरे के चलते तीन हादसों में तीन लोगों की मौत, तीन घायल...


# पात्र लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : सैनी

## गांव पहरावर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का मौके पर लाभ देने के लिए एक दर्जन से भी अधिक विभागों के स्टॉल लगाए।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज गांव पहरावर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का मौके पर लाभ देने के लिए एक दर्जन से भी अधिक विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्रताधारी को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है।

राकेश सैनी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल तथा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक सुनील लाकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दोनों ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों जिनमें संतोष, हरदेई, रानी, भतेरी, सुमन व महेंद्र शामिल थे, ने विचार भी सांझा किए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक सुनील लाकड़ा, विपिन गोयल, पहरावर गौशाला के प्रधान पंडित नरेश, पूर्व सरपंच प्रवीन, दिनेश धनखड़, संदीप बधवार, देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गोवर्धन संगीतमय परिक्रमा के लिए बसें हुई रवाना



**रोहतक।** गणतंत्र दिवस पर श्रीजी राधे रानी अलबेली सरकार परिवार के तत्वावधान बरसाना और गोवर्धन संतीतमयी परिक्रमा के लिए तीन बसें रवाना हुई। श्रीजी राधे रानी अलबेली सरकार परिवार के सदस्य मनोज गोयल, राकेश गेरा, चिराग गुप्ता, हिमांशु,अभिमन्यु, राजोतिया, विवेक गोयल। बसों को जिला अध्यक्ष हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड राजेश लूंबा टीनू की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मनीष ग्रोवर ने सभी के मंगल की कामना की। परिक्रमा यात्रा में महामंडलेश्वर बाबा राघवेंद्र भारती शामिल होकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे।

## एलपीएस हाउस में मनाया गणतंत्र दिवस



रोहतक। सेक्टर 1 स्थित एलपीएस हाऊस में स्टॉफ द्वारा गणतंत्र महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन व उनकी पोती स्वास्तिका जैन ने झंडा रोहण किया और सभी ने राष्ट्रीय गान गाया और गार्डों ने बंदूकों से सलामी दी। इस मौके पर राजेश जैन ने सभी गार्ड व स्टाफ के सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया व सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।



## संस्कार वैली स्कूल तृतीय स्थान पर रहा

**रोहतक।** संस्कार वैली स्कूल पटवापुर के विद्यार्थियों ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र महोत्वसव में विद्यालय की ओर से स्काउट, प्रजातंत्र के प्रहरी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने विद्यालय को बधाई दी। विद्यालय के निदेशक सुभाष रूहिल ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की।

## देश की आन, बान, शान है तिरंगा : राजेश जैन



रोहतक। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि तिरंगे पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने चौबीसी परिवार द्वारा पुरानी अनाज मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस पर 85 फुट उंचे राष्ट्रीय ध्वज को रिमोट द्वारा फहराया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन व उनकी पोती स्वास्तिका जैन, नगर निगम के मेयर मनमोहन गोयल, वार्ड 16 की पार्षद डिम्पल जैन, प्रधान विकास उर्फ विक्की आदि ने राष्ट्रीय गान गाया व देश की आजादी के लिये कुर्बान शहीदों को श्रंद्धांजलि दी। इस अवसर पर अमित जैन, पंकज, ईश्वर चंद, गौतम जैन, पवन आहुजा, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल आदि उपस्थित रहे।

## इमारत बनने की खुशी दिव्यांगों को दी सहायता



रोहतक। अर्पण रेडक्रॉस संस्था में कमल बजाज और हितेश बजाज ने डीएलएफ कॉलोनी में बजाज कोचिंग सेंटर की नई इमारत बनने की खुशी में प्रसाद वितरित किया। इससे पहले भी कमल बजाज और उनकी मित्र मंडली दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल बैग व अन्य सहायता करते आए हैं। इस मौके पर जिला रेड क्रॉस सचिव प्रदीप हुड्डा, राजकुमार मोर, स्कूल इंचार्ज नीलम, अंजू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## उपकार स्कूल में देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुती दी



**रोहतक।** उपकार हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस का समारोह धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर डॉ. विजय कायत ने ध्वजारोहण कर किया। समारोह में डॉ. निर्मला कुमारी मुख्य अतिथि रही। छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मेयर मनमोहन गोयल तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर मुख्य अतिथि रहे। स्कूल प्रधानाचार्या चित्रा सहगल ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## रोटरी क्लब ऑफ रोहतक में शहीदों को नमन किया



रोहतक। रोटरी क्लब ऑफ रोहतक, रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर, रोटरी क्लब आफ सिटी रोहतक एवं सभी रोटरी क्लब द्वारा सुभाष चौक रोटरी स्तंभ पर क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, डॉ. चन्द्र गर्ग, क्लब के प्रधान डॉ. मारकण्डे आहुजा, राजीव बेरीवाल, डॉ. अजित पाल सिंह, सचिव डॉ. राकेश जैन, संजय पारिख, आशुतोष गुप्ता, अजय गुप्ता आदि ने राष्ट्रीय गीत गाया।

## पंजीकरण के बाद मिलेगा योजना का लाभः डीसी

■ विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी

**रोहतक।** मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के पात्र लाभार्थियों को विवाह का ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में हैं या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा।

## बच्चों ने स्केटिंग में 24 घंटे की मैराथन की



**रोहतक।** नमन रोलर स्केटिंग अकेडमी में 24 घंटे तक बच्चों ने रिले मैराथन करते हुए स्केटिंग की। इस दौरान बच्चों ने चारों नेशनल बुक में अपना नाम दर्ज करवाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने ओके इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल और पूरे स्टाफ और वहां के बच्चों को बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से जोगिंदर दलाल, प्रदीप दलाल, राजेश जाले, मंजीत यादव, राकेश गेरा, श्याम प्रेमी मनोज गोयल, महावीर, पलक लुंबा मौजूद रहे।

SCHOLARS ROSARY SR. SEC. SCHOOL
6 km Stone, Village Bohar, Sonipat Road, Rohtak - 124001
Contact : 8930122222, 7082404804
Affiliated to Central Board of Secondary Education, New Delhi

SCHOLARS ROSARY
Edu Initiatives, Rohtak

We're on the Lookout for Exceptional Talent!

POSITIONS AVAILABLE

ACADEMIC
- Nursery Incharge
- Nursery Trained Teachers
- PRT - English, Hindi, Maths, Science & SST
- TGT - English, Maths & Social Science
- Language Teacher : French, Sanskrit
- Child Psychologist / Counselor

SPORTS
- Football Coach
- Gymnastic Coach
- Shooting Coach



Eligibility - Graduation / Post Graduation with B.Ed is mandatory for all teaching posts having a minimum of 2 years of experience in teaching CBSE curriculum.

Please e-mail your detailed resume with a covering letter mentioning the post applied for along with self attested testimonials & experience certificate at recruitmentscholarsrosary@gmail.com or submit at the school front desk.

FOR MORE DETAILS CONTACT

Scholars Rosary Preparatory School
Opp, Jagmohan Motors, Sonipat Road, Rohtak
Contact : 7419023451, 7419023452

Scholars Rosary Blossoms
Sector - 3, Near Huda Park, Rohtak
Contact : 7419023454, 7419023455

Scholars Rosary Imperial Campus
Sector - 34-A, Suncity, Rohtak
Contact : 8907422222, 8907522222

## शहर में आज

- पुरानी आईटीआई में कार्यकर्ता मिलन सामरोह
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर 10 बजे

## बिजली कट

- सुबह 11 से 2 बजे तक मॉडल टाउन, सुभाष नगर, गांधी नगर, वीसी ऑफिस, सीआर रोड, दिल्ली रोड
- सुबह 9 से 10 बजे तक पीजीआई कॉलोनी, डॉयरेक्टर ऑफिस न्यू ओपीडी बंद
- सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक लाढौत रोड, उत्तम विहार, चमारिया, विशाल नगर, राजीव गांधी खेल परिसर
- सुबह 9 से 12 बजे तक हिसार रोड, पंचारतना,पीdास, पुरानी आईडीसी, सैनिक कॉलोनी, श्याम कॉलोनी, शास्त्री नगर
- सुबह 8.30 से 9.45 बजे सब्जी मंडी चौक, गुलाब रेवड़ी चौक, चमेली मार्केट, कसाई चौक, कच्चा बेरी रोड, इंदिरा मार्केट, रेलवे रोड, गौड़ कॉलेज बाबरा चौक, मालगोदाम रोड

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

**रोहतक।** सांपला में गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक सीताराम यादव ने बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

# घने कोहरे के चलते तीन हादसों में तीन लोगों की मौत, तीन घायल

## राम राज नगर, जींद रोड और हसनगढ़ के पास गाड़ियां टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कोहरे का असर अभी कम नहीं हुआ है। जिले में तीन अलग-अलग जगह हादसे हुए। जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे राम राज नगर, जींद रोड और हसनगढ़ के पास हुए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।





### केस नंबर-1

गांव बोहर निवासी विद्या देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी को वह अपनी सास ओमपति व ससुर रामकुमार के साथ एक रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में वन सिटी की तरफ कच्चे रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान रामराज नगर की तरफ से एक गाड़ी आई, जिसने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए उसके ससुर को टक्कर मार दी। हादसे में घायल रामकुमार को उपचार के लिए अस्पताल में लेकर गए। जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### केस नंबर-2

जींद के गांव करसौला निवासी भारतीय सेना के जवान सोमदत्त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी ड्यूटी बंगाल में है। 26 जनवरी को वह रोहतक के गांव ब्राह्मणवास निवासी अमित, जींद के बुढ़ा खेड़ी निवासी राजेश व करसौला निवासी विकास सभी कार में सवार होकर करसौला जा रहे थे। जब वे निर्माणाधीन हवेली होटल के नजदीक पहुंचे तो एक कैंटर चालक ने कैंटर को रोड के बीच में खड़ा किया हुआ था। जिसके डिपर भी नहीं चल रहे थे, जिसके कारण कार कैंटर से जा टकराई। इस हादसे में सोमदत्त, राजेश, अमित व विकास को चोटें आई। वहीं चारों घायलों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गांव करसौला निवासी विकास को मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### केस नंबर-3

विमल राजभर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोहतक के गांव नयाबास में रहता है। उसके पास तीन बच्चे है। उसका करीब 20 वर्षीय कन्हैया टावर कंपनी हसनगढ़ में काम करता है। 19 जनवरी को वह अपने बेटे कन्हैया को कंपनी में बुलाने गया। रात करीब 8 बजे दोनों चल रहे थे। इसी दौरान खरखौदा की तरफ तेज रफ्तार कार आई। जिसके चालक ने लापरवाही से चलाते हुए कन्हैया को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। वहीं घायल कन्हैया को उपचार के लिए सीएचसी सांपला में भर्ती करवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उसका बेटा बहोश हो गया और 25 जनवरी को मौत हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## परेड की सलामी लेते जेपी दलाल



**रोहतक।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि 74 वर्ष पहले सन 1950 में देश का संविधान लागू हुआ। संविधान से हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं संविधान सभा के सदस्यों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि महापुरुषों के अमर बलिदानों से हम गणतंत्र हो पाए हैं। विस्तृत खबर पेज-12

## राकेश सैनी रोहतक विस का युवा कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**रोहतक।** हरियाणा युवा कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों की नई सूची जारी की गई है। इसके तहत इंदिरा कॉलोनी निवासी राकेश सैनी को रोहतक विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राकेश सैनी ने अपनी नियुक्ति पर दीपेंद्र हुड्डा से मिलकर उनके साथ-साथ राष्ट्रीय इंचार्ज कृष्णा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुदिधराजा का आभार जताया।

# इंडस पब्लिक स्कूल में चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें निदेशक प्रधानाचार्या सुषमा झा और अन्य अध्यापकगण सहित छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में कहा कि हमें वैदिक पथ पर चलते हुए सच्चाई व अच्छाई के मार्ग को अपनाना चाहिए व अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। अंत में विद्यालय के निदेशक प्रधानाचार्या सुषमा झा ने भी वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कहा कि हमें अपने देश, समाज व परिवार के प्रति कर्तव्यों को समझकर उनका निर्वहन करना चाहिए।



**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर यज्ञ करते हुए अध्यापक और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




## भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर: मंडलायुक्त संजीव वर्मा

**रोहतक।** सिरतार संस्थान के प्रागंण में रोहतक के मंडल आयुक्त एवं सिरतार प्रबंधन समिति के चेयरमैन संजीव वर्मा की अध्यक्षता में गणतंत्रता दिवस मनाया गया। संस्थान में उनके आगमन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. एडी पासवान, दिव्यांग बच्चों व अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ एवं फूल-मालाओं से स्वागत-सत्कार किया गया। मुख्यातिथि संजीव वर्मा द्वारा संस्थान के प्रागंण में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ ध्वज फहराया गया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के उपरान्त देश ने सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व सामरिक के क्षेत्र में चहुमुखी विकास किया है। सिरतार संस्थान का दिव्यांगता के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## कृष्ण पंवार ने गांव चलो अभियान प्रशिक्षण बैठक में भाग लिया

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के पश्चात अंतिम व्यक्ति तक जन सुविधाएं पहुंचने के लिए चलो गांव की ओर अभियान को चलाने का फैसला लिया है। जिला भाजपा मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि बतौर मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद व अभियान के प्रदेश संयोजक कृष्ण पंवार ने प्रशिक्षण बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता की चिंता की निशानी है। इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ पर महीने में चार बार 24 घंटे का प्रवास करेंगे। सुविधा केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार जनता तक पहुंच रही है या नहीं जांचा जाएगा।

## जानलेवा हमले के मामले में 5 हजार का इनामी आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सांघी निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में 5 हजार रुपये इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 3 दिसंबर 2022 को पुलिस को सूचना मिली कि गांव सांघी निवासी युवक लड़ाई-झगड़े में घायल होकर पीजीआईएमएस में दाखिल हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। घायल युवक की पहचान आकाश निवासी गांव सांघी के रुप में हुई। आकाश के भाई सागर की शिकायत के आधार पर थाना सदर में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 3 दिसंबर 2022 को आकाश मेरी गोल्ड स्कूल में रेस मारने गया हुआ था। साहिल, विकास उर्फ केडी, ओमबीर उर्फ ढिग व अन्य साथियों सहित हाथों में डंडे व लाठी सहित आए और जानलेवा हमला कर दिया।



## नकदी चोरी व स्नैचिंग मामले में पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से 2 लाख रुपये की नकदी चोरी व महिला के साथ हुई स्नैचिंग की वारदातों को हल करते हुए आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। जांच के दौरान आरोपी से चोरीशुदा 1 लाख 39 हजार रुपये बरामद किया गए। आरोपी का रिमांड खत्म होने पर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। महिला के साथ हुई स्नेचिंग मामले में भी उसी दिन पीड़ति को भी अदालत में साथ ले जाया गया। पुलिस द्वारा अदालत से अनुरोध किया गया कि चोरी हुए रुपये व महिला के कान से छीनी हुई सोने की बाली आरोपियों से बरामद हुए है जो पीड़ति व्यक्ति व महिला के है। जिस पर अदालत द्वारा आरोपियों से भी जवाब मांगा गया। अदालत द्वारा पुलिस का अनुरोध स्वीकार करते हुए बरामद रुपयों को पीड़ति व्यक्ति के व महिला के हवाले करने के आदेश दिए गए।

- पुलिस ने चोरीशुदा 1 लाख 39 हजार रुपये व छीनी हुई सोने की कान की बाली पीड़तों को सौंपा

## महिला के साथ लाखों की ठगी, पति ने जहर खाकर जान दी

**महम।** कस्बा महम के व्यक्ति ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक व्यक्ति की पत्नी का आरोप है कि उनके साथ लाखों रुपये की ठगी की गई थी, जिस वजह से उसके पति आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर इनेलो के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश राठी और विदेश भेजने वाली एक कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में कस्बा महम के वार्ड-5 निवासी अनिता ने बताया कि उसका पति संजय कुमार भिवानी में पब्लिक हेल्थ विभाग में सुप्रीटेंडेंट के पद पर कार्य करता था। उसका एक बेटा और एक बेटी है। बेटा 12वीं कक्षा में पढ़ता है।




